मंगलवार
20 सितम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज





पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के आवेदन में 25 तक त्रुटिसुधार का मिला मौका 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## शहर के कार्यक्रम

- जिला टास्क फोर्स की बैठक, सुबह 10 बजे, कलेक्ट्रेट सभागार
- आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक, सुबह 11 बजे, कलेक्ट्रेट सभागार

## शहर छोटी खबरें

### शराब की खेप के साथ तस्कर धराया

**सिमरी।** जिले के तिलक राय के हाता ओपी पुलिस ने थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव के पास से एक शराब तस्कर को रयाल स्टैग ब्रांड विहस्की 750 एमएल के 12 बोतल शराब के साथ किया है। पुलिस ने उसकी हीरो कंपनी की स्प्लेंडर बाइक भी जब्त कर ली है। जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का लाभ उठा भागने में सफल रहा। पुलिस को यह सफलता रात्रि गश्ती के दौरान मिली है।

गिरफ्तार तस्कर अजीत यादव उत्तर प्रदेश के बलिया जिला अंतर्गत नरही थाना क्षेत्र के कोट अंजोरपुर गांव का रहने वाला है। ओपी प्रभारी संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि फरार तस्कर की पहचान भी कर ली गई है। उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जबकि जब्त की गई स्प्लेंडर बाइक केशोपुर गांव के एक महिला के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस उसकी भूमिका की भी जांच कर रही है। जानकारों का कहना है कि कोट अंजोरपुर से गंगा के रास्ते ही तस्कर दियारा क्षेत्र में प्रवेश किए होंगे। लेकिन बिहार की सीमा में आने के साथ ही मुस्तैद तिलक राय के हाता ओपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

# बेगूसराय, जमुई, मुंगेर समेत राज्य के कई जिलों में बारिश का ओरेंज अलर्ट

- वज्रपात की आशंका के साथ बारिश का अलर्ट जारी, जिलों को दिए गए निर्देश



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मानसून बेहद सक्रिय है, राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। आज भी पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के कई जिलों में झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया है। जिन इलाकों में बारिश की संभावना है उनमें बेगूसराय, जमुई, लखीसराय, मुंगेर शामिल हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, इन इलाकों में अगले कुछ घंटे में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, साथ ही तेज हवा के साथ वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है। किसानों को आकाशीय बिजली गिरने की आशंका के मद्देनजर खास सावधानी बरतने के भी निर्देश दिए गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के सिस्टम की वजह से बिहार समेत कई राज्यों में स्थिति बदली है। अगले तीन दिनों तक उत्तर बिहार और झारखंड के अलग-अलग जिलों में अच्छी बरसात का पूवार्नुमान जताया गया है। पटना मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, राजधानी समेत राज्य के दर्जनभर जिलों में बारिश से मौसम खुशनुमा बना रहने के आसार हैं। बिहार में पिछले एक सप्ताह से मानसून की मेहरबानी बरकार है, कई जिलों में अच्छी बारिश हो रही। राज्य में ठनका गिरने का भी अलर्ट है, 21 सितंबर तक सूबे में इसी तरह के हालात बने रहेंगे।

**सीतामढ़ी रहा सबसे गर्म, पटना में कितना रहा पारा :** अधिकतम तापमान की बात करें तो रविवार को सीतामढ़ी में पारा सबसे ऊपर रहा। यहां दिन का तापमान 37.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। राजधानी पटना में अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री रहा। नालंदा में 35.1, रोहतास में 32 डिग्री, नवादा में 33.7 डिग्री सेल्सियत रिकॉर्ड किया गया है। मुजफ्फरपुर में 30.6 डिग्री, दरभंगा में 30.6, बेगूसराय में 37.4, सहरसा में 33.3, बांका में 34.7, सिवान में 32 डिग्री, सुपौल में 33.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जमुई में अधिकतम तापमान 33.9 डिग्री दर्ज किया गया। इन सभी जिलों में तापमान कुछ ऊपर चढ़ा है।

**21 सितंबर जमकर बरसेंगे बदरा :** मौसम विभाग के मुताबिक, आज बिहार के कई जिलों में बारिश का अलर्ट है। जहां-जहां बरसात हो सकती है उनमें बेगूसराय, मुंगेर, जमुई और लखीसराय शामिल हैं। इनके अलावा भी कई इलाकों में बारिश के आसार जताए गए हैं। बिहार के अलावा यूपी, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों और ओडिशा में जोरदार बारिश हो सकती है। 21 सितंबर तक इसी तरह का मौसम रहने की उम्मीद है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनता दरबार में सुनी लोगो की समस्याएं

# सीएम ने कृषि मंत्री से कहा - जगह पर है ना, कहीं इधर उधर तो नहीं है!

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुखमंत्री नीतीश कुमार आज जनता दरबार में लोगो की समस्याएं को सुन रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को सुन रहे हैं। जनता दरबार के कार्यक्रम में अलग अलग जिलों काफी तादाद में फरयादी एक अणे मार्ग पहुंच रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार आज ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज, उर्जा विभाग, पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन नगर विकास एवं आवास, उपभोक्ता संरक्षण, परिवहन, आपदा प्रबंधन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, योजना विकास, वाणिज्य और सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित मामले को सुन रहे हैं, और तुरंत निपटारा करने की प्रयास कर रहे हैं। नीतीश कुमार ने कृषि मंत्री सुधाकर सिंह को कहा - जगह पर है ना, कहीं इधर उधर तो नहीं है?



दरअसल, समस्तीपुर से आए एक फरियादी ने नीतीश कुमार को कहा कि सर मेरे भूमि में जलजमाव की समस्या है मैंने कई बार कहा है, लेकिन अब तक इस समस्या का समाधान मुझे नहीं मिल पाया है, इसका निदान चाहिए। जैसे ही उनकी बात खत्म हुई तो फौरन नीतीश कुमार ने कृषि मंत्री सुधाकर सिंह को फोन लगाने को कहा, जब मंत्री सुधाकर सिंह लाइन पर आए तो नीतीश कुमार ने उनसे पूछा कि जगह पर है ना कहीं इधर उधर तो नहीं है? आगे उन्होंने कहा कि मैं देख रहा था आप अपनी जगह पर नहीं थे कहीं और थे। आगे उन्होंने कृषि मंत्री को निर्देश दिया और फरियादी को उनके पास भेज दिया।

दरअसल बख्तियारपुर से आए एक फरियादी ने कहा कि वहां पर स्ट्रीट लाइट की समस्या है, आप जब 2018 में घर गए थे तो उस समय वहां के अधिकारियों ने इस सीट लाइट को टेंट हाउस से कनेक्शन करें जला दिया था। जैसे ही आप वापस लौटे इसके बाद स्ट्रीट लाइट बंद हो गई और वह 2018 से आज तक बंद है। इतना ही सुनते नीतीश कुमार ने कहा कि तुम अभी बता रहे हो पहले क्यों नहीं बताया हम तो बख्तियारपुर गए थे हम तो वहां लगातार घूमते ही रहते हैं तुमको पहले बताना चाहिए था। इसके बाद नीतीश कुमार ने शिकायत को सुनते ही सबसे पहले पटना के डीएम को फोन लगाया उसके बाद नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव को बुलाया। दोनों अधिकारियों के सामने अपनी बातें रखें और नीतीश कुमार ने कहा कि या युवक बख्तियारपुर से आया है और स्ट्रीट लाइट को लेकर शिकायत कर रहा है, जल्द से जल्द इसका समाधान कराइए।

सुपौल के आए एक युवक ने कहा, सर आप 2016 में मेरी आदर्श ग्राम पंचायत बगहा आए थे, और आपने सड़क निर्माण की बात उस दौरान कही थी, तब से ले कर अब करीब पांच साल बीत गए अब तक वहां सड़क नहीं बनी है। तब से लेकर आज तक में कई बार कार्यपालक अभियंता को कह चुका हु, लेकिन नहीं बनी है। इतना ही सुनते सीएम नीतीश कुमार ने तुरंत ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों से पूछा कि इस गांव में अब तक सड़क क्यों नहीं बनी है। इसको जल्दी देख लीजिए, जब सभी जगह सड़क बन रही है, तो फिर यहां क्यों नहीं बन रही है। जबकि मेरे पास यह रिपोर्ट आ रही है कि सभी जगह सड़क लगभग बन गई है। इसको तुरंत देखिए कि ऐसा क्यों हो रहा है।

# पटना से चोरी हुई स्कॉर्पियो से हथियार बरामद, अपराधी फरार



- अरवल की ओर बड़ी वारदात को अंजाम देने भोजपुर आ रहे थे अपराधी

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस की सक्रियता से रविवार की रात लूट की बड़ी वारदात टली गयी। इस दौरान अपराधी तो पकड़ में नहीं आ सके। लेकिन पटना से चोरी गयी स्कॉर्पियो और हथियार व गोली हाथ लगे हैं। सहार पुल से झारखंड नंबर की उजले रंग की स्कॉर्पियो से एक देसी कट्टा और दो गोली बरामद की गयी है। एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि रविवार की शाम सूचना मिली की अरवल की ओर से सहार सोन नदी पुल होते हुए स्कॉर्पियो सवार कुछ अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने भोजपुर की ओर रहे हैं। उस आधार पर सहार थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीम बना कर सहार सोन नदी पुल के पास वाहन चेकिंग शुरू की गयी। इसी क्रम में अरवल के तरफ से आ रही उजले रंग की स्कॉर्पियो को रोका गया। इस दौरान पुलिस को देख चालक तेज गति से स्कॉर्पियो भगाने लगा। उस पर पुलिस द्वारा पीछा कर पेरहाप गांव के समीप स्कॉर्पियो को घेर लिया गया। लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर अपराधी स्कॉर्पियो छोड़ भाग निकले। इस दौरान पुलिस पर हमला भी किया गया। उसके बाद भी पुलिस द्वारा कुछ दूर तक पीछा किया गया। उसके बाद स्कॉर्पियो जब्त कर ली। वहीं तलाशी दौरान स्कॉर्पियो से .315 बोर का एक देशी कट्टा और दो गोली बरामद की गयी। एसपी ने बताया कि सत्यापन के क्रम में पाया गया कि स्कॉर्पियो पटना के पाली थाना क्षेत्र से चोरी की गई है। उन्होंने बताया कि अपराधियों की पहचान कर ली गयी है। इस मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## सांप के डंसने के बाद छत से गिरा स्नातक का छात्र, मौत

**केटी न्यूज आरा।** भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के तापा जलपुरा गांव में रविवार की रात सांप के डंसने के बाद छत से गिरने से स्नातक के एक छात्र की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक तापा जलपुरा गांव निवासी लुटूर ठाकुर का 21 वर्षीय पुत्र अभय कुमार ठाकुर था। वह लोकल स्तर पर गीत-गवनई भी करता था। बड़े भाई विशेष कुमार ठाकुर ने बताया रविवार की रात वह छत पर मोबाइल से अपनी फुआ से बात कर रहा था। उसी दौरान किसी विषैले सांप ने उसे डंस लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह असंतुलित होकर छत से नीचे गिर पड़ा। उसके बाद उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि उसकी मौत के बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये ही शव लेकर गांव ले गए।

इधर, छात्र की मौत के बाद उसके घर में रोना-धोना और कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि छात्र अपने दो भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां अंजनी देवी, बड़ी बहन प्रिया कुमारी और छोटा भाई अमन कुमार है। इधर, जितिया व्रत के दिन बेटे की मौत से मां अंजनी देवी का रो-रोकर बुरा हाल था।

# बैंक कर्मी के घर ताला तोड़ चोरी करने के मामले में दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज / आरा**



भोजपुर पुलिस की टीम ने टाउन थाना क्षेत्र के मीरगंज में मोहल्ले में बैंक कर्मी के घर ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। इनमें टाउन थाना क्षेत्र के भलुहीपुर निवासी प्रिंस कुमार और मीरगंज मोहल्ला निवासी आदित्य राय है।उनके पास से चोरी गये चांदी का एक जोड़ा पायल बरामद किया गया है। एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि पिछले माह टाउन थाना क्षेत्र के मीरगंज मोहल्ले में बैंक कर्मी के घर का ताला तोड़ नगदी, जेवरात समेत लाखों की संपत्ति चोरी की गयी थी। इस संबंध में अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया था। घटना के उद्भेदन के लिए एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में विशेष दल का गठन किया गया था। इसी क्रम में चोरों द्वारा चांदी का पायल बेचने के लिए एक ज्वेलरी दुकान पर ले जाया गया था। वहां पीड़ित बैंक कर्मी के घर के सदस्यों द्वारा चांदी के पायल की पहचान की गई। उसके आधार पर पुलिस द्वारा दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में टाउन थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, डीआईयू शाखा के प्रभारी शंभू भगत, नगर थाना के दरोगा सर्वेश कुमार, डीआईयू के दरोगा कुमार रजनीकांत और अवधेश कुमार शामिल थे।

## अब डिजिटल लेन-देन पर 1200 का कैशबैक की मिलेगी सुविधा

# स्ट्रीट वेंडर डिफॉल्टर नहीं हुए तो मिलेगा 50 हजार तक का लोन

**केटी न्यूज / डुमरांव**

डुमरांव के स्ट्रीट वेंडरों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से 10 हजार रुपये का लोन देने की कवायद तेज हो गई है। स्ट्रीट वेंडर इस योजना के राशि का डिजिटल लेन-देन करते है, तो 1200 रुपये की राशि का कैशबैक भी मिलेगा। शहरी आजीविका मिशन के तहत वेंडरों ने लोन के लिए आवेदन दिया है। नगर विकास व आवास विभाग के निर्देश पर शहर के सभी बैंक शाखाओं में कैंप लगाये जायेंगे। जहां नगर पर्षद के कर्मचारियों के साथ बैंक कर्मी तैनात रहेंगे, ताकि कागजात सही रहने पर वेंडर को तत्काल स्वनिधि योजना के तहत लोन स्वीकृत किया जा सके। लोन लेने के बाद अगर स्ट्रीट वेंडर हर माह समय पर किस्त जमा करते है तो उन्हें अपना व्यवसाय बढ़ाने की राह और आसान हो जायेगी। बैंक उसे दूसरी बार में दोगुनी राशि यानी 20 हजार रुपये का लोन सात फीसदी ब्याज दर पर उपलब्ध करायेगा। अगर इसमें वो डिफॉल्टर नहीं हुए, तो बैंक ऐसे स्ट्रीट वेंडर को 50 हजार रुपये तक का लोन उपलब्ध करायेगा। ताकि उसके व्यवसाय की तरक्की और जीविकोपार्जन में कोई कठिनाई नहीं होगी। बताया जाता है कि कोरोना काल में आर्थिक नुकसान झेल रहे वेंडरों को सरकार ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत लोन देकर व्यवसाय के लिए एक नया मुकाम दिया है। नगर पर्षद क्षेत्र के सभी बैंकों में पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडरों को लोन देने के लिए कैंप लगाया जायेगा, जिसमें योजना के तहत व्यवसाय के लिए दस हजार रुपये का लोन उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए स्ट्रीट वेंडर आवश्यक कागजातों के साथ बैंक पासबुक, आधार कार्ड, नप द्वारा जारी विक्रय प्रमाण-पत्र, पहचान-पत्र आदि लेकर बैंक शाखा में अपने आवेदन का निस्तारण करा सकते है।



**समय पर अदायगी से मिलेगा लाभः** शहरी आजीविका मिशन के तहत स्ट्रीट वेंडरों को स्वनिधि योजना के तहत विभिन्न बैंकों द्वारा लाभ मिला है। वेंडर्स अगर समय से अपने लोन की अदायगी करते है तो उन्हें अगली बार भी बैंक द्वारा लोन मुहैया कराया जायेगा। डिजिटल लेन-देन पर कई तरह की सुविधा भी दी गयी है झ कुमारी रश्मि, सिटी मिशन मैनेजर नप।

# सांप के विष का एंटीडोट लगाने के बाद महिला की मौत, ग्रामीणों ने अस्पताल में की तोड़फोड़

**केटी न्यूज / जहानाबाद**

जिले के काको प्रखंड स्थित स्थानीय थाना अंगर्तत सरकारी अस्पताल में सोमवार की देरशाम गुस्साएं लोगों ने जमकर तोड़-फोड़ मचाई। साथ ही, अस्पताल में मौजूद दो चिकित्सकों के साथ मारपीट भी की। जिसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो चुका है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि काको प्रखंड के सैयदाबाद गांव निवासी मुद्रिका यादव की पत्नी सरोजा देवी (50 वर्षीय) को एक विषैले सांप ने काट लिया था। जिसके बाद परिजन उन्हें लेकर पीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद सरोजा को विष का एंटीडोट देने को कहा। लेकिन, उस वक्त स्टोर की चाभी नहीं मिल रही थी। जिसके कारण महिला की तबियत और बिगड़ने लगी। काफी देर बाद स्टोर की चाभी मिली और सांप काटने वाली इंजेक्शन निकाला गया। लेकिन, जैसे ही महिला को इंजेक्शन दिया गया, उसकी मौत हो गई। जिससे उसके परिजन व ग्रामीण आग बबुला हो उठे। उन्होंने अस्पताल में मौजूद उग्र परिजनों ने डॉ. कृष्ण मोहन पासवान और डॉ. नंदा के साथ मारपीट की। साथ ही, अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान घोसी विधायक रामबली यादव भी वहां मौजूद थे। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।



जहां पुलिस ने चिकित्सकों और कर्मचारियों से पूछताछ की। जहां अस्पताल के कर्मचारियों ने विधायक पर ही लोगों को उकसाने का आरोप लगाया है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी के लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार का आवेदन नहीं दिया गया।

सुविचार



जीयर स्वामी

धर्म की रक्षा करने वालों की धरती पर याद रहती है कृति : जीयर स्वामी

केशव टाइम्स
बक्सर, 20 सितम्बर 2022



बड़ी खबर 5 वर्ष बाद भी नहीं बना वेंडिंग जोन

website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com



## शहर छोटी खबरें

### गंगा में डूबे किशोर के माता पिता को मिला पारिवारिक लाभ योजना का चेक

**सिमरी।** प्रखण्ड के खैरापट्टी गांव निवासी सरोज खरवार के पुत्र की गंगा में डूबने से मौत हो गई थी। लिहाजा मृतक के परिजन को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना का चेक दिया गया। बीडीओ शशिकांत शर्मा ने मृतक के पिता को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20,000 रुपये का चेक दिया। बताते चलें कि मृतक धीरज की मां ने उसकी लंबी आयु के लिए व्रत रखा था। मां बेटे को लेकर गंगा स्नान के लिए तिलक राय के हाता ओपी क्षेत्र अंतर्गत हनुमान घाट पर लेकर गई थी। इसी बीच किशोर अन्य बच्चों के साथ गंगा नदी में स्नान करने उत्तर गया और गहरे पानी में अपने दोस्तों के साथ डूबने लगा। हालांकि, वहां मौजूद लोगों के द्वारा शोर मचाया गया तथा उसे बचाने का प्रयास किया गया। लेकिन तेज पानी के बहाव की वजह से उसे बचाया नहीं जा सका और घाट पर मौजूद श्रधालुओं महिलाओं की नम हो गई तथा परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची प्रशासन के द्वारा शव की खोजबीन के लिए गोताखोर को बुलाया गया। आखिरकार 12 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बरामद करने में सफलता मिली। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### अनियंत्रित ऑटो ने युवक को मारी टक्कर, वाराणसी रेफर

**चौसा।** जिला के महादेवा घाट के समीप अनियंत्रित ऑटो ने युवक को मारी टक्कर मार पलट गई,जहाँ जक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया जिसकी हालात बिगड़ती देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद वराणसी रेफर कर दिया जानकारों का कहना है कि घायल युवक खेत से पशु का चारा लेकर घर लौट रहा था इस क्रम में तेज अनियंत्रित ऑटो चालक आकर युवक को धक्का मार दिया जिसके बाद ऑटो भी मौके पर पलट गई लिहाजा आधा दर्जन लोगों को आंशिक चोट आई जबकि चालक मौके से भागने में सफल रहा इधर पकड़ में नही आया ।ऑटो में सवार महिला सुकरी देवी बताती हैं कि चौसा गोला से जरींगवां जाने के लिए निकली थीं लेकिन ऑटो चालक बहुत ही तेज रफ्तार में वाहन को चला रहा था जबकि सवारियों ने उसे तेज चलाने के लिए मना किये।

### हादसे में बाइक सवार युवक बुरी तरह से जख्मी

**नावानगर ।** प्राथमिक स्कूल जितवाडीह के पास सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे नावानगर सीएचसी में उपचार के बाद बक्सर रेफर कर दिया गया। जख्मी युवक सिकरौल थाना के बसांव कला गांव निवासी अनिल कुमार राम बताया जाता है। इसकी पुष्टि नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि नावानगर-सिकरौल मार्ग पर जितवाडीह प्रायमरी स्कूल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की जख्मी होने की ग्रामीणों ने सूचना दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष ने पहुंचकर सड़क पर पड़े जख्मी युवक को उठाकर सीएचसी नावानगर में इलाज के लिए भर्ती की गई।

# पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के आवेदन में 25 तक त्रुटिसुधार का मिला मौका

- जांच के दौरान 10,434 आवेदनों में पाई गई त्रुटी
- आवेदन रिजेक्ट करने का भेजा जा रहा है मैसेज

**केटी न्यूज । आरा**

पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के लिए भोजपुर जिले से कुल 38,400 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। यह आवेदन सत्र 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के छात्र छात्राओं का है। जांच के दौरान इनमें से करीब 10,434 आवेदन त्रुटि पाएं गए है जिसे रिजेक्ट कर दिया गया है। उन त्रुटियों के निराकरण के लिए 25 सितंबर तक का समय दिया गया है। शिक्षा विभाग के निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आवेदक भविष्य में इसके लिए कोई दांवा नहीं करेंगे। कई आवेदकों का आय प्रमाण-पत्र पुराना अपलोड किया गया है। कई ऐसे आवेदक है जिनके संस्थान का रसीद सही नहीं है। कई आवेदक का बैंक एकाउंट सही नहीं है। कई आवेदकों द्वारा दिए गए बोनाफाइड में काफी गड़बड़ियां है जो सिस्टम पर मैच नहीं कर रहा है। आवेदक के मोबाइल पर मैसेज भेजा जा रहा है कि आपका आवेदन रिजेक्ट कर दिया गया है। गौरतलब हो कि बिहार सरकार मैट्रिक उत्तीर्ण अथवा उसके समकक्ष के छात्र-छात्राओं को उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए यह छात्रवृत्ति प्रदान करती है। इस योजना के तहत न्यूनतम दो हजार एवं अधिकतम 90 हजार तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।




यह छात्रवृत्ति अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति , पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के वैसे छात्र/छात्राएं जिनके माता-पिता की वार्षिक आय दो लाख 50 हजार से ज्यादा नहीं हैं उसे ही प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत विधिवत मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /महाविद्यालय/ संस्थान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को छात्रवृत्ति की राशि दी जाती है। छात्रवृत्ति प्रदान के लिए डीडीसी के नेतृत्व में एक कमेटी बनायी गई है। इसमें डीडीसी कमेटी के अध्यक्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीडब्लूओ एवं डीपीओ सदस्य हैं। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ बीसी श्रेणी के एक-एक जनप्रतिनिधि भी कमेटी में शामिल हैं।

**बिहार राज्य के स्थाई निवासी को मिलती है छात्रवृत्ति :** यह छात्रवृत्ति योजना बिहार राज्य के स्थायी निवासी पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं के लिए संचालित है। आवेदक को बिहार राज्य के स्थायी निवासी होना चाहिए। आवेदक की जाति राज्य सरकार द्वारा निर्गत पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित हो। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के लिए भारत सरकार द्वारा आवेदक के माता-पिता/अभिभावक के वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 के लिए सभी स्रोतों से अधिकतम कुल दो लाख पचास हजार रुपए से ज्यादा आय नहीं होना चाहिए। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप अन्तर्गत मैट्रिक/ प्रवेशिका परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उच्चतर कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्रा ही छात्रवृत्ति के लिए योग्य होंगे। इस योजना के तहत न्यूनत्तम दो हजार एवं अधिकत्तम 90 हजार तक की छात्रवृति प्रदान की जाएगी।

**बिहार राज्य के स्थाई निवासी को मिलती है छात्रवृत्ति :** यह छात्रवृत्ति योजना बिहार राज्य के स्थायी निवासी पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं के लिए संचालित है। आवेदक को बिहार राज्य के स्थायी निवासी होना चाहिए। आवेदक की जाति सरकार द्वारा निर्गत पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित हो। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के लिए भारत सरकार द्वारा आवेदक के माता-पिता/अभिभावक के वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 के लिए सभी स्रोतों से अधिकतम कुल दो लाख पचास हजार रुपए से ज्यादा आय नहीं होना चाहिए।

## निकाय के चुनावी समर में गुम हुआ फुटपाथियों का मुद्दा

# पांच वर्ष बाद भी नहीं बना वेंडिंग जोन

- धूप-छांव में रोजगार करने वालों का नहीं हुआ बुनियादी बदलाव

**केटी न्यूज / बक्सर (डुमरांव)**

नगर निकाय चुनाव के घोषणा होने के बाद एक बार फिर डुमरांव के फुटपाथियों का मुद्दा गरमाने लगा है। चेयरमैन के भावी उम्मीद्वार डुमरांव के विकास की लकीर बदलने को आतुर हैं। लेकिन इन फुटपाथियों की तकदीर हाशिएं पर है। तकरीबन तीन हजार की आबादी शहर के फुटपाथ पर अपना रोजगार कर जीवनयापन करता है। यह परिवार प्रकृत के धूप-छांव में ही पलता रहा है, लेकिन इन गरीबों के बुनियादी बदलाव को लेकर इस बार कोई भी भावी उम्मीद्वार ने चुनावी मुद्दा नहीं बनाया है। ऐसी स्थिति में फुटपाथी कई दशकों से परेशानी झेलने पर विवश है। शहर के विकास के लिए भले ही ठोस कदम उठाये गये है। लेकिन फुटपाथियों की संवेदनाओं को टटोल कर इस पर राजनीत की खेती होती रही है। फुटपाथियों का कहना है कि पिछले पांच वर्षों से वेंडिंग जोन का मामला अटका हुआ है लेकिन कोई उम्मीदवार इसे अपना मुद्दा नहीं बनाया। उन्हें मलाल है कि गरीबो की बातों पर कोई भी भावी उम्मीदवार गौर नही फरमाता और केवल वोट की बात करता है। फुटपाथियों की माने तो इस बार चुनावी समर में वेंडिंग जोन के लिए वें खुद प्रखर होंगे और इसके निर्माण को लेकर अपना मुद्दा बनायेंगे। बता दें कि शहर के पॉश इलाके में वेंडिंग जोन के निर्माण के लिए सूबे की सरकार ने राशि की मंजूरी भी दी थी। इसके लिए भूमि भी आवंटित थी लेकिन नप प्रशासन की उदासीनता से वर्षों से यह मामला लटका हुआ है। वेंडिंग जोन के निर्माण में 31 लाख 20 हजार की लागत आयेगी, जिसमें करीब 69 दुकानों का पहले फेज में निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए नया थाना के समीप बस पड़ाव की भूमि पर 755 हेक्टेयर भूमि को आवंटित किया गया है। नप सूत्रों का कहना है कि 'स्वच्छ डुमरांव-सुंदर डुमरांव' को लेकर वेंडिंग जोन का निर्माण कराने के लिए नप प्रशासन ने तीन बार डीपीआर बनाकर विभाग में भेजा लेकिन तकनीकी खामियों के कारण उस पर विभाग ने अब तक सहमति नही जतायी है। नए तरीके से विभागीय निर्देश के बाद डीपीआर भेजा गया है। नप सूत्रों के अनुसार वेंडिंग जोन मार्केट को आधुनिक सुविधाओं से लैश किया जायेगा। मार्केट की स्वच्छता को लेकर चार सीट वाले शौचालय व स्नान घर बनाया जायेगा। मार्केट पार्किंग, नाली, शेड से सुजज्जित रहेगा। नप प्रशासन मार्केट के चारों बगल डस्टबिन व शुद्ध पानी की मुहैया करायेगी। इस एरिया के सफाई को लेकर विशेष तौर पर नप प्रशासन सफाईकर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति करेगा।



## नप चुनाव को लेकर सक्रिय हुए शराब कारोबारी, संभावित उम्मीदवारों से साधने लगे संपर्क

- जिले में नगर परिषद चुनाव को लेकर दियारे में बढ़ी हलचल
- वोटरों को शराब के जरिए रिझाने की होने लगी अभी से तैयारी

**केटी न्यूज। बक्सर (सिमरी)**

जिले में होने जा रहे नगर परिषद चुनाव को लेकर गंगा के तटवर्ती दियारे में शराब कारोबारियों की सक्रियता बढ़ गई है। फिलहाल ये लोग पद विशेष के संभावित उम्मीदवारों से संपर्क स्थापित करने में लगे हैं, ताकि उनकी मांग पर बुकिंग का काम शुरू हो सके। इधर चुनाव लड़ने के इच्छुक ज्यादातर उम्मीदवार अपनी जीत सुनिश्चित कराने के लिए हर हथकंडे अपनाने को तैयार हैं। ऐसे में शराब कारोबारियों का प्रभाव सर चढ़कर बोलने लगा है। वैसे भी चुनाव और शराब एक दूसरे के पूरक हैं और पिछले चुनावों में इसका जमकर इस्तेमाल भी हो चुका है। इस बार भी बड़े पैमाने पर इसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है।

पुराना भोजपुर चौक पर ब्रह्मपुर के एक संभावित उम्मीदवार पान खाने के बाद मोबाइल फोन पर किसी परिचित से बोल रहे थे कि 'भाई लागता कि एह



बार चुनाव में लिट्टी चोखा के साथ बलिया के लालपरी के व्यवस्था करे के पड़ी, नाहीं त ममिला गड़बड़ा जाई'। हालांकि यह सिर्फ इन्हीं की चिंता नहीं है। और भी प्रत्यासी ऐसी ही सोच रखते हैं तथा शराब कारोबारी इसी का लाभ उठाने की फिराक में हैं। बड़कागांव नगपुरा से लेकर बड़की नैनीजोर तक गंगा के तटवर्ती इलाके को शराब कारोबारी सेफ जोन के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। गंगा में संचालित नाव व जनेश्वर मिश्र पुल के माध्यम से कारोबारी दियारे में इसका भंडारण करते हैं। जहां से प्रत्याशियों की डिमांड पर होम डिलीवरी की सुविधा प्रदान की जाती है। इतना ही नहीं बलिया जिले के वहीं व बेयासी गांव में संचालित शराब की सरकारी दुकान भी इलाके में शराब उपलब्धता का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। हाल के दिनों में दियारा क्षेत्र के थानों की पुलिस द्वारा लगातार की जा रही शराब की बरामदगी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# डुमरांव के चेयरमैन पद पर नई दुल्हनियां भी इस बार हाथ आजमाने को है तैयार

- नामांकन से पहले ही महिलाओं के चुनावी प्रचार का कमान पुरुषों ने संभाल रखा है
- महिलाओं की अनदेखी करना प्रत्याशियों को पड़ सकता है भारी

**केटी न्यूज / बक्सर (डुमरांव)**

जिले के डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में निकाय चुनाव की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। चुनाव आयोग द्वारा छठ महापर्व के बाद इसकी तिथि



घोषित करने की संभावना जताई जा रही है। जिसके बाद डुमरांव में नप की चुनावी सरगर्मी बढ़ गयी है। स्थानीय नप के चेयरमैन पद अतिपिछड़ा महिला कोटि होने से इस बार नई दुल्हनियां भी चुनाव में अपी किस्मत आजमाने को तैयार दिख रही हैं। नगर निकाय चुनाव में आधी आबादी की भागीदारी भी अहम हो गयी है। जिसके बाद अब महिलाएं घर की दहलीज लांघ कर नगर सरकार में सक्रिय भूमिका निभाने को बेताब है। नगर परिषद के इस चुनाव में ताल ठोक रहे प्रत्याशियों को महिलाओं की अनदेखी करना भारी पड़ सकता है। पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर साथ चल रही महिलाएं नगर सरकार चुनने में भी अपनी अहम भूमिका निभायेंगी। पुराने चेहरों के आगे नये चेहरे आने से धड़कने बढ़ गयी है। इस बार निवर्तमान महिला प्रतिनिधियों की सखी-सहेली भी चुनावी अखाड़े में उतरकर अपना भाग्य आजमाने की ललक देख रही है। वहीं, नप क्षेत्र के बुजुर्गों के अनुसार कभी वार्डों का वोट आपसी सहमति पर एकतरफा हो जाया करता था। वक्त के साथ सबकुछ बदलता गया। इस बार के चुनाव में इसकी संभावना नहीं दिख रही है।

चेयरमैन और उप चेयरमैन पद के लिए वोटर सीधे तौर पर अपने मन-पसंद उम्मीदवार को चुनेंगे। ऐसी स्थिति में घर मे भी एकतरफा वोटिंग की गुंजाइश नहीं है।

## फोटो ऑफ द डे



बंदरों का आतंक : भोजन की तलाश में बंदर अब घरों व दुकानों में आतंक मचाना चालू कर दिया है।

## उसरा में बही नृत्य संगीत की सरिता, रातभर झूमते रहे श्रोता व दर्शक



**केटी न्यूज। नावानगर (बक्सर)**

स्थानीय प्रखंड के उसरा गांव में विश्वकर्मा पूजा के मौके पर दुगोला गायन का आयोजन किया गया। दुगोला गायन भोजपुरी गायक बिपीन व मुन्ना माखन के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। इस दौरान दोनों गायकों की टीम में मौजूद न्त्यांगनाओं के नृत्य तथा गायकों के गायन से माहौल मनोरंजक बन गया था। खासकर नृत्यांगनाओं के नृत्य के दौरान दर्शक भी झूम उठ रहे थे। पूरी रात गीत संगीत की सरिता बहती रही। कार्यक्रम का आयोजन विश्वकर्मा पूजा आयोजन समिति द्वारा किया गया था। जिसका उदघाटन पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मंटू पटेल ने फिता काटकर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दुगाला गायन काफी पारंपरिक है तथा इससे स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका भी मिलता है। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए ऐसे आयोजन का होना जरूरी है। इससे लोगों का मनोरंजन होने के साथ ही उनमें आपसी सौहार्द भी बढता है। उन्होंने कहा कि यह लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का सबसे अच्छा माध्यम है। दुगाला गायन के दौरान आए अतिथियों का आयोजन समिति ने अंगवस्त्र से सम्मानित किया। दोनों गायकों द्वारा अपने गायन की शुरूआत सरस्वती वंदना से किया गया।

# सभी जिलों में जल्द शुरू होगा हीमोफिलिया ट्रीटमेंट सेंटर

- सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में होता है हीमोफिलिया के मरीजों का नि:शुल्क उपचार
- राज्य में हीमोफिलिया के 1557 मरीज चिन्हित : डॉ. एनके गुप्ता

**केटी न्यूज । पटना**

राज्य में हीमोफिलिया बीमारी की वर्तमान स्थिति एवं इसके उपचार के क्षेत्र में किये जा रहे नवीनतम चिकित्सीय प्रयासों पर राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार एवं हीमोफिलिया सोसाइटी पटना, बिहार चैप्टर के तत्वावधान में सोमवार को पटना स्थित एक निजी होटल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के सभी 38 जिलों के हीमोफिलिया के नोडल पदाधिकारी, देश के कई स्वास्थ्य संस्थानों के प्रसिद्ध हीमोफिलिया विशेषज्ञों ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के अपर कार्यपालक निदेशक, केशवेन्द्र कुमार ने की। पूरे कार्यक्रम का संचालन राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, ब्लड सेल, डॉ. एनके गुप्ता ने किया।



**इस समय राज्य में दो डे केयर सेंटर :** कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के अपर कार्यपालक निदेशक, केशवेन्द्र कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग हीमोफिलिया के मरीजों को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है। राज्य में इस समय दो डे केयर सेंटर पीएमसीएच पटना एवं एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर में कार्यरत हैं। जहां हीमोफिलिया से ग्रसित मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही मगध मेडिकल कॉलेज गया एवं जवाहर लाल नेहरु मेडिकल कॉलेज भागलपुर में डे केयर सेंटर तैयार हो चुका है। जहां जल्द ही हीमोफिलिया से ग्रसित मरीजों को सभी जरुरी चिकित्सीय सेवा उपलब्ध होगी. पुर्णिया में भी डे केयर सेंटर स्थापित करने की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्दी ही इसे भी तैयार कर लिया जायेगा।

**2006 में शुरू किया गया था पहला हीमोफिलिया अस्पताल :** कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, ब्लड सेल, डॉ. एनके गुप्ता ने कहा कि अभी तक राज्य में अभी तक हीमोफिलिया के 1557 मरीज चिन्हित किये जा चुके हैं, जिनका विभिन्न चिकित्सीय संस्थानों में उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में आज के ही दिन 2006 में पहला हीमोफिलिया अस्पताल शुरू किया गया था। अब न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल को हीमोफिलिया सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है कि हीमोफिलिया के मरीजों को रक्त की उपलब्धता हमेशा बनी रहे। डॉ. गुप्ता ने बताया कि जल्द ही राज्य के सभी 38 जिलों में हीमोफिलिया ट्रीटमेंट सेंटर की स्थापना की जाएगी।

कार्यशाला में आये विशेषज्ञों ने हीमोफिलिया के उपचार के बारे में विस्तार से चर्चा की। हीमोफिलिया सोसाइटी पटना, बिहार चैप्टर के कुमार शैलेंद्र ने हीमोफिलिया की शुरूआत से लेकर वर्तमान स्थिति के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया और कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों को इसके बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में अंशुल अग्रवाल, कार्यक्रम निदेशक, एम्स नयी दिल्ली के डॉ. अविनाश सिंह, डॉ. एससी झा, एनआरएस मेडिकल कॉलेज, कोलकाता के डॉ. प्रांतर चक्रबर्ती, एम्स, पटना की डॉ. रूचि सिन्हा एवं डॉ. चंद्र मोहन सहित कई विशेषज्ञों ने अपनी बात रखी।

CMYK

## शहर छोटी खबरें

### नौरू ग्राम की बेटियों के दरोगा और कॉन्स्टेबल में चयनित होने पर किया गया सम्मानित

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के नौरू ग्राम निवासी अखिलेश यादव की दो बेटियों का चयन दरोगा और कॉन्स्टेबल में हुआ। जिसके बाद गांव में खुशी की लहर है। इस क्रम में यादव सेवा समिति जिला इकाई के द्वारा उन दोनों बेटियों को अंगवस्त्र और डायरी देकर सम्मानित किया गया। जहां बताया गया कि खुशबू कुमारी एवं संध्या कुमारी को क्रमशः दरोगा एवं क्राइम ब्रांच में कॉन्स्टेबल के पद पर चयनित हुई हैं। सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभा का संचालन शिक्षक राजेश कुमार सिंह ने किया। समारोह में जिला राजद के प्रधान महासचिव परमहंस राय, नौरू पंचायत के पूर्व मुखिया सह वर्तमान पैक्स अध्यक्ष सुरेश यादव, छोटन यादव, गनौरी यादव, श्रीचंद यादव, विजय यादव, शशि कुमार, शम्भु यादव, आनंदी यादव, अराकेश कुमार, नागेंद्र यादव इत्यादि प्रमुख लोगों ने विचार रखा तथा बच्चियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### पहले दिन चालीस हथियारों के लाइसेंस का हुआ सत्यापन

**डुमरांव।** नप चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर डुमरांव थाने में लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन किया गया। पहले दिन कुल चालीस हथियारों के लाइसेंस को मजिस्ट्रेट सह बीडीओ संतोष कुमार ने सत्यापित किया। मंगलवार बुधवार को भी हथियारों का सत्यापन होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि निर्धारित तिथि तक जो अपने लाइसेंस का सत्यापन नहीं करवाएंगे उनके हथियार को जप्त कर लाइसेंस रद्द करने के लिए डीएम को प्रतिवेदन भेजा जाएगा।

### खेत में मिली किसान की लाश, मचा कोहराम

**केटी न्यूज ।** रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के सोन डिला पर किसान की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मृत किसान की पहचान हरिहरगंज गांव के 55 वर्षीय किसान जय लाल चौधरी बताये जाते हैं। जय लाल चौधरी रविवार को खेत पर गए थे, और रात में घर नहीं लौटे। सोमवार परिजन उन्हें ढूंढने गए तो उसका शव क्षत-विक्षत पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया है। पोस्टमार्टम के लिए आए भतीजा प्रवीण ने बताया कि रविवार को उक्त किसान प्रतिदिन की तरह सोन डीला पर सब्जी की खेती करने को ले गये थे, लेकिन देर शाम नहीं लौटे थे।

# पोलियो की खुराक नहीं पिलाना बच्चे को स्थाई रूप से बना सकता है अपंग : एसीएमओ

- पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले को मिला 2,59,513 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य
- एक से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 760 टीम का गठन

**केटी न्यूज। (बक्सर)**

जिले में पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से बचाने के लिए सोमवार को पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई। जिसका उद्घाटन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल भट्?ट व जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर किया । इस दौरान अधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए जिलेवासियों से भी अपील कर कहा कि आज के दौर में भी बच्चों के माता-पिता व अभिभावक पोलियो की खुराक दिलाने से कतराते हैं। उन्हें पोलियो की खुराक पिलाने से उनके बच्चे को कोई नुकसान पहुंचने का डर सताता है। लेकिन, उन्हें समझना होगा की पोलियो की खुराक बच्चों को ना पिलाना उनके बच्चे को स्थायी रूप से अपंग बना सकता है। बल्कि विकसित स्टेज पर मौत का कारण भी बन सकता है। पोलियो की दवा पिलाने से आपके बच्चे का जीवन बच सकता है। पोलियो की खुराक केवल दवा समझकर नहीं बल्कि दो बूंद जिंदगी की समझकर पिलाएं। इस दौरान अस्पताल



उपाधीक्षक, यूनिसेफ की एसएमसी, यूएनडीपी के वीसीसीएम, डब्ल्यूएचओ के एए के अलावा अन्य स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे ।

**पोलियो की बीमारी बच्चे के अंगों को जीवन भर के लिए कमजोर कर देती है :** एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि पोलियो एक संक्रामक रोग है, जो पोलियो विषाणु से मुख्यतः छोटे बच्चों में होता है। यह बीमारी बच्चे के अंगों को जीवन भर के लिये कमजोर कर देती है। पोलियो लाइलाज है क्योंकि इसका लकवापन ठीक नहीं हो सकता है। बचाव ही इस बीमारी का एक मात्र उपाय है। मल पदार्थ में पोलियो का वायरस जाता है। ज्यादातर वायरस युक्त भोजन के सेवन करने से यह रोग होता है। यह वायरस श्वास तंत्र से भी शरीर में प्रवेश कर रोग फैलाता है। पोलियो स्पाइनल कॉर्ड व मैडुला की बीमारी है। स्पाइनल कॉर्ड मनुष्य का वह हिस्सा है जो रीड की हड्डी में होता है। पोलियो मांसपेशी हड्डी की बीमारी नहीं है। बच्चों में पोलियो विषाणु के विरुद्ध किसी प्रकार की प्रतिरोधक क्षमता नहीं होती है , इसी कारण यह बच्चों में होता ।

### प्रतिदिन अभियान की होगी समीक्षा

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया, पल्स पोलियो अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के 2,59,513 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए कुल 760 टीम का गठन किया गया है। जिनमें हाउस टू हाउस अभियान के लिए 620 टीम, ट्रांजिट टीम 116, मोबाइल टीम 12 व एक सदस्यीय टीम 12 हैं। वहीं, अभियान की निगरानी के लिए 227 सुपरवाइजर प्रतिनियुक्त किए गए हैं। अभियान के प्रतिदिन की रिपोर्ट शाम पांच बजे तक सौंपनी है। ताकि, प्रतिदिन अभियान की समीक्षा की जा सके। उन्होंने बताया कि बुखार से पीड़ित बच्चों के माता-पिता उसके ठीक होने के बाद पोलियो की खुराक दिला सकते हैं । उसके अलावा सर्दी खांसी या दस्त है तो भी उसे अवश्य यह दवाई पिलाएं। बच्चे के जन्म पर, छठे, दसवें व चौदहवें सप्ताह में पोलियो टीकाकरण करवाना चाहिए और 16 से 24 महीने की आयु में बूस्टर डोज दिया जाना अनिवार्य है। इसके अलावा जब भी आपके आसपास पोलियो कैंप लगे अपने पांच साल से छोटे बच्चों को यह दवाई अवश्य पिलानी चाहिए।

### डीएम ने नया भोजपुर के प्रखंड कार्यालय परिसर में रजिस्ट्री ऑफिस खोलने की दी स्वीकृति

# अस्थायी रूप से लालदास राय भवन में संचालित होगा निबंधन कार्यालय

**केटी न्यूज। डुमरांव (बक्सर)**

डुमरांव में रजिस्ट्री ऑफिस के नया भोजपुर में शिफ्ट होने के आशंकाओं को दरकिनार करते हुए डीएम अमन समीर ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में ही रजिस्ट्री ऑफिस खोले जाने पर अपनी स्वीकृति दी है। फिलहाल प्रखंड कार्यालय के बगल में स्थित लाल दास राय भवन में ही अस्थायी रूप से रजिस्ट्री ऑफिस का संचालन किया जाएगा। बाद में जब प्रखंड कार्यालय अपने नए भवन में शिफ्ट होगा तब स्थायी रूप से निबंधन कार्यालय का संचालन प्रखंड कार्यालय परिसर में किया जाएगा। सोमवार को डीएम अमन समीर व बक्सर जिले के रजिस्ट्रार अजय कुमार डुमरांव प्रखंड कार्यालय पहुंच लाल दास राय भवन का निरीक्षण किए। इस दौरान वहा बीडीओ संतोष कुमार भी मौजूद थे। डीएम ने लाल दास राय भवन को



निबंधन कार्यालय के अनुकूल बताते हुए रजिस्ट्रार से तत्काल इस भवन में निबंधन कार्यालय खोलने का निर्देश दिया। उन्होंने इस जगह को सुरक्षा के लिहाज से भी उचित बताते हुए कहा कि जब प्रखंड कार्यालय अपने नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा तब यह कार्यालय पुराने वाले प्रखंड कार्यालय में पूर्णरूप से संचालित होगा। डीएम के इस निरीक्षण के बाद निबंधन कार्यालय के नया भोजपुर के पंचायत भवन या अन्यत्र कही खुलने की अफवाहों पर विराम लग गया है। वही आम लोगों ने भी इस खबर के बाद राहत की सांस ली है। लोगों का कहना है कि नया भोजपुर के अपेक्षा अनुमंडल वासियों को डुमरांव प्रखंड कार्यालय में पहुंचना सुविधा जनक रहेगा तथा सुरक्षा के लिहाज से भी यह जगह काफी मुफीद है। यहा पहले से प्रखंड व अंचल कार्यालय होने से लोग बिना भय जमीन की खरीद बेच करने आ सकते है। निरीक्षण के दौरान प्रखंड कर्मियों की बेचैनी भी बढ़ी रही।

**प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के दौरान चाक चौबंद दिखी व्यवस्था**

निबंधन कार्यालय के लिए संभावित स्थल के निरीक्षण के साथ ही डीएम ने प्रखंड व अंचल कार्यालय का निरीक्षण भी किया। हालांकि इस दौरान कही से भी कोई खामी नजर नहीं आई। सभी कर्मी अपने ड्यूटि पर तैनात दिखें। डीएम ने कर्मियों को समय से कार्यालय आने तथा कार्यो का निष्पादन ससमय करने का निर्देश भी दिया।

निबंधन कार्यालय खुलने से

**बढ़ेगी प्रखंड कार्यालय की रौनक**

डुमरांव में निबंधन कार्यालय खुलने के बाद प्रखंड कार्यालय की रौनक बढ़ जाएगी। सात प्रखंडों वाले डुमरांव अनुमंडल में हर दिन बड़ी संख्या में लोग जमीन की खरीद बिक्री करते है। उन्हें भी अब जमीन खरीदने या बेचने के लिए बक्सर जाने से निजात मिलेगा जबकि प्रखंड कार्यालय परिसर में कई तरह के रोजगार भी बढेंगे। जिसका लाभ स्थानीय लोगों व दुकानदारों को मिलेगा। गौरतलब है कि इसके पहले डुमरांव का अनुमंडल कार्यालय भी प्रखंड कार्यालय मे ही संचालित होता था। लेकिन हरियाणा फार्म में अनुमंडल कार्यालय का भवन बनने के बाद यह कार्यालय वहा शिफ्ट हो गया है। जिससे प्रखंड कार्यालय में हर दिन आने वाले लोगों की संख्या कम हो गई थी। लेकिन अब निबंधन कार्यालय खुलने प्रखंड कार्यालय परिसर एक बार फिर से अपने पुराने गौरव को पा सकता है।

## सोन नदी में डूबने से बच्ची की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

- जितिया के दिन ही चली गई मासूम की जान

**केटी न्यूज / आरा**

जिले के सहार थाना अंतर्गत बरुही गांव में सोन नदी में डूबने से एक बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की पहचान सहार थाना क्षेत्र के बरुही निवासी राजू राय की बेटी सीखा कुमारी (10 वर्षीय) है। जो गांव के ही सरकारी स्कूल में दूसरी कक्षा में पढ़ती थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जितिया के व्रत को लेकर वह अपनी एवं बहन के साथ नहाने के लिए सोन नद के किनारे गई थी। जहां गांव की कई महिलाएं नहा रही थी। इसी बीच वह सोन नद में डूब गई। इसके बाद वह मौजूद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उसके शव को पानी से बाहर



निकाला गया। लोगों ने देखा कि उसकी सांसे नहीं चल रही थी। लेकिन, परिजन अपनी संतुष्टि के लिए उसे लेकर सहार रेफरल अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया।

मृत बच्ची के पिता किसान हैं। वहीं, पर्व के दिन हुए इस घटना के बाद मृत बच्ची की मां रिंकी देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## देखते ही देखते भैसही नदी में समा गया पशुपालक, मचा कोहराम, शव की तलाश जारी

- गाय चरा नदी के उस पार से लौट रहा था अपने घर

**केटी न्यूज। डुमरांव ( बक्सर )**

भैसही नदी में डूबने से एक पशुपालक की मौत हो गई है। घटना सोमवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे महाराजा कोठी के पीछे भैसही नदी की है। मृतक लाला चौधरी उम्र 56 वर्ष पिता स्व छबीला चौधरी पुराना भोजपुर के वार्ड 4 स्थित तकिया मोहल्ला का रहने वाला था। उसके नदी में डूबने की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। तत्काल करीब एक दर्जन ग्रामीण गोताखोर मौके पर पहुंच शव की तलाश शुरू कर दिए। लेकिन देर शाम तक उसका शव नहीं मिल पाया



था। घटना स्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों की भींड़ उमड़ी थी। जबकि परिजनों के क्रंदन चित्कार से माहौल गमगीन हो गया था। मिली जानकारी के अनुसार लाला चौधरी पशुपालक था तथा करीब एक दर्जन गायों को पाल रखा था। वह हर दिन सुबह में गाय चराने नदी के उस पार जाता था तथा शाम को गायों के झूंड के साथ ही लौट आता था। सोमवार को भी वह गाय चराने निकला था। लेकिन लौटने के दौरान नदी पार करने के प्रयास में गहरे पानी में समा गया। उससे थोड़ी दूर खड़ी दो महिलाओं ने उसे डूबते हुए देख दौड़ी भागी गांव में पहुंची तथा शोर मचा इस घटना की जानकारी ग्रामीणों तथा उसके परिजनों को दी।

### सोनवर्षा में आंगनबाड़ी केंद्र का हुआ उद्घाटन

**केटी न्यूज (नावानगर)।** नावानगर प्रखंड के सोनवर्षा पंचायत के वार्ड नम्बर चार में सोमवार को समारोह आयोजित कर आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया गया। वार्ड सदस्या सूर्यमुखी देवी एवं बीडीसी अजय गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इस दौरान बीडीसी ने सेविका व सहायिका को ईमानदारी व निष्ठापूर्वक कार्य करने का संदेश देते हुए कहा कि बच्चों का भविष्य गढ़ने में आंगनबाड़ी केंद्रों का अहम योगदान होता है। यहां बच्चे पढ़ाई के साथ साथ रहन सहन के भी तौर तरीके सीखते हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही इस योजनाओं को धरातल पर उतारने में सेविका व सहायिका की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।

# टीबी के नए रोगियों की खोज के लिए चलेगा विशेष अभियान

- जिला यक्ष्मा केंद्र व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में निजी चिकित्सकों को दिया गया प्रशिक्षण

**केटी न्यूज । (बक्सर)**

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अब निजी चिकित्सकों को निक्षय योजना के तहत जोड़ने का कार्य चल रहा है। ताकि, अधिक से अधिक लोगों का नोटिफिकेशन करते हुए उनका इलाज कराया जा सके। इस क्रम में टीबी उन्मूलन की दिशा में जिला यक्ष्मा केंद्र व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण सह बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी प्रखंडों से विभिन्न




निजी चिकित्सा संस्थानों के टीबी चिकित्सक व प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान निजी चिकित्सकों को टीबी उन्मूलन, केस नोटिफिकेशन, डॉट, निक्षय सेतु एवं आउटकम पर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन के एनटीईपी समन्वयक डॉ. बिजेंद्र सौरभ ने सभी निजी चिकित्सकों को निक्षय वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, उन्हें निःशुल्क नैट जांच सुविधा के संबंध में भी बताया। प्रशिक्षण में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल भट्ट, आईएमए के अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह के अलावा एनटीईपी के एसटीएस कुमार गौरव, एसटीएस राहुल कुमार, राहुल कुमार श्रीवास्तव व निजी संस्थानों के चिकित्सक मौजूद रहे ।

**2025 तक टीबी रोग का उन्मूलन किया जाना है :** इस दौरान एसीएमओ सह सीडीओ डॉ. अनिल भट्ट ने बताया, फिलवक्त जिले में नैट जांच सुविधा जिला यक्ष्मा केंद्र व सदर अस्पताल के अलावा सिमरी, ब्रह्मपुर एवं डुमरांव अनुमंडल अस्पताल में उपलब्ध है। बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 2025 तक टीबी रोग का उन्मूलन किया जाना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिले के सभी निजी चिकित्सकों द्वारा अपने अधीन उपचारित समस्त टीबी रोगियों का शत-प्रतिशत नोटिफिकेशन भारत सरकार के गजट नोटिफिकेशन की अनुपालना में अनिवार्य रूप से किया जाना है। साथ ही समस्त टीबी रोगियों का एचआईवी टेस्ट, निक्षय पोषण योजना के तहत डीबीटी, यूडीएसटी एवं ट्रीटमेंट आउटकम आदि बिंदुदूओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सभी निजी चिकित्सकों से अपने स्तर पर उपचारित प्रत्येक टीबी रोगी को सरकार की निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत उपचार की पूरी अवधि तक प्रति माह 500 रुपये की सहायता दिलवाने व प्रत्येक टीबी रोगी की ड्रग एडरेंस व इलाज के बाद मरीज का आउट-कम का निर्धारण निक्षय पोर्टल पर दर्ज किए जाने की बात कही ।

## एक नजर

### सफर के दौरान हुई यात्री की मौत, सड़क किनारे शव रख भाग खड़ा हुआ बस चालक



**केटी न्यूज (चौसा) ।** सोमवार की दोपहर चौसा मोहनिया हाईवे पर यात्री बस में सफर के दौरान एक अधेड़ यात्री की अचानक मौत हो गई। इस घटना के बाद बस चालक और खलासी काफी डर गए तथा मानवता की चिंता छोड़ शव को चौसा पीएससी के पास सड़क किनारे छोड़ भाग खड़े हुए। बस में सफर कर रहे यात्रियों ने भी इसका विरोध नहीं किया। आसपास के लोगों द्वारा जैसे तैसे उसकी पहचान कर उसके घर वालों को इसकी सूचना दी गई। घर वाले भी पहले उक्त बस की पड़ताल करना चाहे लेकिन किसी ने यह नहीं बताया कि किस बस में ये बैठकर सफर कर रहे थे। इसके बाद परिजन शव को लेकर वापस अपने घर लौट गए। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजपुर थाना क्षेत्र के डिहरी गांव के 50 वर्षीय खोभरी शर्मा है। परिजनों की मानें तो वे मोहनिया से बक्सर आने के लिए बस में सवार हुए थे। इसी दौरान बनारपुर गांव के पास बस में अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। वे बस में गिर छटपटाने लगे तथा देखते ही देखते उनकी मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही बस चालक चौसा पीएचसी के पास बस रोक उन्हें अस्पताल के गेट पर रखवा भाग निकला। माना जा रहा है कि पुलिसिया पचड़े से बचने के लिए ही उसने ऐसा किया होगा। लेकिन यात्री की मौत के बाद उसने न तो पुलिस को सूचना दी और न ही उसके परिजनों को खोजने का प्रयास किया। बस चालक की संवेदनहीनता की चर्चा भी आसपास में पूरे दिन होते रही।

### देशी कट्टा के साथ पकड़े गए दो शातिर, अपराधिक रिकार्ड खंगालने में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज (डुमरांव)।** सोमवार को बक्सर जिले के कोरान सराय पुलिस को दोहरी सफलता हाथ लगी है। एक तरफ पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ दो शातिरो को गिरफ्तार किया है तो वही दूसरी तरफ चोरी की एक पल्सर बाइक के साथ एक बाइक चोर को भी पकड़ने में सफलता पाई है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक कमधरपुर गांव में अवैध हथियार ले किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में लगे हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष जुनैद आलम ने एक टीम गठित कर छापेमारी करवाया। इस दौरान देसी कट्टा के साथ नागा पासवान पिता कमला पासवान तथा मनीष पासवान पिता हरे राम पासवान पुलिस के हत्थे चढ़ गए। दोनों गिरफ्तार कर पुलिस थाना लाई। इनसे पूछताछ के आधार पर इनके अपराधिक रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। दोनों कमधरपुर गांव के ही रहने वाले है। वही दूसरी तरफ बाइक चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने चोरी की एक पल्सर बाइक के साथ एक बाइक चोर को भी पकड़ा है। पकड़ा गया बाइक चोर इसी थाना क्षेत्र के नजीरगंज गांव के कुतुबुद्दीन सैय्यद का पुत्र जमाल शेख है। पुलिस बाइक बरामद करने के बाद उसके मालिक का पहचान करने का प्रयास कर रही है। थानाध्यक्ष जुनैद आलम ने दोनों घटनाओं की पुष्टि की है।

### 15 घंटे बाद बरामद हुआ गंगा में डूबे किशोर का शव

**केटी न्यूज (डुमरांव)।** रविवार की शाम केशोपुर महावीर घाट के पास गंगा में डूबे किशोर का शव सोमवार को ग्रामीण गोताखोरों ने बरामद कर लिया है। शव के पानी से बाहर आते ही बावजूद परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे। रोते बिलखते परिजन शव को लेकर सिमरी खैरा पट्टी स्थित अपने घर पहुंचे। यहा आते ही महिलाओं के क्रंदन चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। घर की महिलाएं देर तक रोती बिलखती रही। पड़ोसियों तथा रिश्तेदारों द्वारा किसी तरह समझा-बुझाकर महिलाओं को शांत कराने का प्रयास किया जा रहा था। लेकिन ढांढस का कोई भी मरहम उनके जख्मों को भर नहीं पा रहा था। सबसे बुरा हाल मृतक की मां रीना देवी का था। रविवार को वह अपने संतान की लंबी उम्र के लिए ही जीवित पुत्रिका का व्रत रखी थी। लेकिन इसी दिन उसे अपने पुत्र से हाथ धोना पड़ा है। वह रो रो कर अपने भाग्य को कोस रही थी। कुछ ऐसा ही हाल उसके पिता सरोज खरवार का भी था। रोते हुए फागन बस यही कह रहे थे कि अगर वे जानते कि धीरज गंगा में डूब जाएगा तो वे उसे स्नान करने नहीं जाने देते। गौरतलब है कि रविवार की शाम केशवपुर के महावीर घाट के पास गंगा में नहाने के दौरान सिमरी खैरा पट्टी के सरोज खरवार का 12 वर्षीय पुत्र धीरज खरवार डूब गया था। गोताखोरों के प्रयास के बावजूद रात में उसका शव नहीं मिल पाया था। करीब 15 घंटे के बाद स्थानीय गोताखोरों ने उसके शव को पानी से बाहर निकाला। इस दौरान मौके पर सिमरी वीडियो शशिकांत, स्थानीय पुलिस समेत पुलिस और प्रशासन के कई कर्मी भी मौजूद थे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता का फंदे से लटकता शव बरामद

**केटी न्यूज (बक्सर)।** जिले के डुमरांव प्रखंड स्थित कोरानसराय में संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता का शव बरामद किया गया। मृतका ने अपने ससुराल में ही फंदे से लटकर अपनी जान दे दी। घटना सोमवार की अहले सुबह की है। मृतका की पहचान कोरानसराय गांव निवासी पेंटर साह की पत्नी रानी देवी बताई जा रही है। जिनकी शादी को अभी एक साल पहले ही हुई थी। घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जिसके बाद परिजनों से मामले के संबंध में पूछताछ की गई। जिसमें ससुराल पक्ष के लोगों ने आत्महत्या के कारणों से अनभिज्ञ रहने की बात कही। जिसके बाद पुलिस ने मृतका के मायके से संपर्क किया। जिसमें उसके परिजनों ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज को लेकर हत्या करने की आशंका जताई।

20.09.2022_20.09.2022.qxd 9/20/2022 1:13 AM Page 4



## शहर छोटी खबरें

### छज्जा गिरने से पांच जख्मी

**जहानाबाद (घोसी)।** घोसी थाना क्षेत्र के अहियासा गांव में सोमवार की शाम घर का छज्जा गिरने से चार महिला समेत पांच लोग जख्मी हो गए। जख्मी लोगों में नीभा कुमारी, प्रियंका कुमारी, पुनम कुमारी, अमृता कुमारी एवं धर्मेन्द्र कुमार शामिल है। बताया जाता है कि नागेन्द्र प्रसाद के घर की छत कड़ी एवं ईंट से पाटा हुआ था। उसी घर के आगे छत के छज्जा के नीचे बैठा हुआ था। तभी छत के छज्जा अचानक टुट कर गिर गया। जिसे सभी लोग जख्मी हो गए। सभी जख्मी लोगों का इलाज निजी नर्सिंग होम में कराया जा रहा है।

### दीवार गिरने से हजारों की संपत्ति नष्ट

**जहानाबाद (घोसी)।** घोसी प्रखंड क्षेत्र के अलालपुर गांव में सोना देवी के घर की दीवार गिरने से हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति नष्ट हो गई है। बताया जाता है कि लगातार हो रही बारिश के कारण ईंट एवं मिट्टी निर्मित घर का दीवार अचानक गिर गई। जिसे घर में रखा अनाज नष्ट हो गई। फिलहाल पौलिथिन का सहारा लेकर घर में रहने को विवश है। इस सिलसिले में स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मखदुमपुर।** थाने की पुलिस ने मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि नेर गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें ऋतुराज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें उसे गिरफ्तार कर उसकी कोरोना जांच कराई गई। जिसके बाद उसे जेल भेजा गया है।

### प्रेमी-प्रेमिका ने खाया जहर, अस्पताल में भर्ती

**बलिया।** दिल्ली की ओखला की रहने वाली 20 साल की युवती बलिया के सहतवार में एक आर्केस्ट्रा पार्टी में डांसर है। उसी आर्केस्ट्रा में ही सहतवार इलाके के बिसौली निवासी मंजीत यादव ऑपरेटर का काम करता था। साथ-साथ काम करने के दौरान दोनों में प्रेम संबंध हो गया। इसी साल मई महीने में मंजीत की कही और शादी हो गयी। शादी होने के बाद भी दोनों अलग-अलग रहने को तैयार नहीं हुए। घर से दिल्ली नौकरी करने की बात कहकर मंजीत 14 जून को निकला और वहां जाने के बजाय युवती के साथ रेवती कस्बा में किराये पर चोरी-छिपे रहने लगा। इसी बीच मंजीत के बड़े भाई जितेंद्र को संदेह हुआ तो उसने तीन दिन पहले दोनों को रेवती से पकड़ लिया। मामला थाने पहुंचा। वहां समझौता हुआ कि जल्द ही युवती दिल्ली वापस लौट जायेगी। इसके बाद युवती भी मंजीत के साथ उसके घर आ गयी। शनिवार को विश्वकर्मा पूजा के दिन आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम होने की बात कहकर निकली युवती रात करीब डेढ़ बजे वापस लौटी। इसके बाद में दोनों ने रविवार सुबह जहर खा लिया। कुछ देर बाद दोनों ने परिजनों को जहर खाने की जानकारी दी तो खलबली मच गयी। इसके बाद परिवार के लोगों ने डायल 112 को सूचना दी।

# बलिया के लाल का तीन दिन पहले बीमारी से हुआ था निधन, दी गई अंतिम विदाई

जवान का पार्थिव शरीर पहुंचा पैतृक गांव







● शहीद के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ 24 राउंड फायर कर दी गई सलामी

**केटी न्यूज (बलिया)।**

बलिया के शहीद बीएसएफ जवान विजय तिवारी का शव सोमवार को उनके पैतृक गांव पहुंचा। जहां नरहीं थाना क्षेत्र के सरयां गांव में शहीद के अंतिम संस्कार के लिए सुबह से ही लोग उमड़ पड़े। गमगीन माहौल में शहीद को अंतिम विदाई दी गई। साल 1987 में विजय तिवारी बीएसएफ में भर्ती हुए थे। आज उनके पार्थिव शरीर को जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ 24 राउंड शहीद के सम्मान फायर कर सलामी दी। कंपनी कमांडर रवि कुमार ने बताया कि विजय तिवारी 14 सितंबर की शाम ड्यूटी पर थे। तभी अचानक उनकी तबीयत खराब हुई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं, क्षेत्राधिकारी सदर अशोक त्रिपाठी, थानाध्यक्ष पन्नालाल एवं अन्य ने जवान को पुष्प चढ़ाकर सलामी दी। विजय तिवारी की तीन पुत्रियां हैं। बताया जा रहा है कि बीएसएफ के जवान विजय तिवारी मृदुल व्यवहार के थे। छुट्टी के समय गांव आने पर सभी के साथ हिल मिल कर रहते थे। इस अवसर पर गांव के ग्राम प्रधान मुकेश तिवारी, सुशील राय, कमला राय समेत सैकड़ों लोग विदाई समारोह में थे। सभी ने गमगीन माहौल में जवान को श्रद्धांजलि दी। सोमवार की सुबह पार्थिव शरीर को लेकर स्ट्रीमर घाट सरया में गंगा किनारे अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि विजय तिवारी के पुत्र आदित्य तिवारी ने दी।

# अलग-अलग हादसों में 4 मरे

## किसी की ट्रेन से गिरने के कारण, तो किसी की डूबने से हुई मौत

**केटी न्यूज /आरा।**

जिले में पिछले दो दिनों के अंदर अलग-अलग हादसों में चार लोगों की जान गई है। कोई डूबने से तो किसी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं, गड़हनी और पीरो में हुए सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों ने अपनी जान गंवा दी। घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पहली घटना पीरो थाना क्षेत्र के जितौरा बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप की है। जहां बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर सड़क हादसे के बाद इलाज के दौरान एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान पसौर टोला निवासी गोपाल सिंह के रूप में की गई। जो पूजा की सामग्री लेने के लिए बाजार गए हुए थे। लेकिन, पूजन समग्री की जगह उनकी मौत की खबर घर आई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पूजा-पाठ का सामान खरीद घर लौट रहे किसान को तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार को जोरदार ठोकर मार दी। उसमें गंभीर रूप से जख्मी किसान की इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल में मौत हो गयी। दम तोड़ दिया। मृतक पीरो थाना अंतर्गत परिजन अशोक कुमार सिंह ने बताया कि वह शनिवार की सुबह पूजा-पाठ का सामान लाने साइकिल से पीरो गये थे। दोपहर में सामान लेने के बाद वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान गोपाल सिंह पूजा की सामग्री खरीदकर साइकिल से घर आ रहे थे। लेकिन, जितौरा बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक बाइक की टक्कर के कारण बुरी तरह से जख्मी हो गए। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें जितौरा बाजार के एक निजी अस्पताल भर्ती कराया। जिसके बाद परिजन वहां पहुंचे और उन्हें सदर अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। पत्नी शांति देवी और बच्चों सहित परिवार के सभी सदस्य का रो-रोकर बुरा हाल था।

### सड़क दुर्घटना में जख्मी अधेड़ की इलाज के दौरान पटना में मौत

दूसरी घटना गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास की है। जिसमें लसाढ़ी गांव (आजाद नगर) निवासी नथुनी राम का बेटा प्रमोद कुमार बाइक से आरा जा रहे थे। मार्ग में बगवां रेलवे फाटक के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन, उनकी हालत में कोई भी सुधार नहीं हुआ। जिसे देख परिजनों ने उन्हें दानापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन, यहां भी उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ। तीन दिनों तक मौत से लड़ते हुए वह जिंदगी की बाजी हार गए।




### काम की तलाश में जा रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मार्ग पर आरा व कारीसाथ स्टेशन के बीच ट्रेन से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उदवंतनगर थाना अंतर्गत कुढ़वां टोला निवासी राजकुमार धानुक बेटे अमित कुमार धानुक के रूप में की गई। जो काम की तलाश में घर से निकला था। घटना के बाद काफी देरतक अफरातफरी मच गई। बताया जाता है कि कारीसाथ स्टेशन से करीब 200 मीटर आगे वह चलती ट्रेन से गिर पड़ा। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जहां पास में ही खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने उसके शव को ट्रैक पर पड़ा देखा। जिसके बाद रेल पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। रेल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों का पता लगाकर उनको शव सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद मृतक की मां प्रभावती देवी एवं परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



### उड़ीसा से घर आने की जगह मिली मौत की खबर

तीसरी घटना गड़हनी थाना अंतर्गत पोसवां गांव मेंकी है। जहां उड़ीसा से घर लौट रहे एक युवक की संदिग्ध स्थिति में नहर में डूबने से मौत हो गई। जिसका शव अगली सुबह? नहर से बरामद किया गया। मृतक की पहचान पोसवा गांव निवासी स्व. मिश्री साह के बेटे बबलू साह के रूप में की गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह पिछले माह ही उड़ीसा काम करने गया था। लेकिन, पर्व-त्यौहारों को देखते हुए वह गांव लौट रहा था। इस बीच उसकी पत्नी से उसकी बात हुई थी। जिसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। अगली सुबह परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान गांव के समीप उसका बैग मिला। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से पानी में छानबीन की गई। जिसके बाद उसका शव पानी से बाहर निकाला गया। जिसके बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उसके बाद पुलिस वहां पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया।

## एक नजर

### चार दिनों से गायब है किशोरी, परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

**मखदुमपुर / जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर नगर पंचायत के ढकनी विगहा मोहल्ले से पिछले चार दिनों से एक किशोरी गायब है। जिसको लेकर परिजन अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। बताया जाता है कि ढकनी विगहा निवासी अगनु बिंद की बेटी पिंकी कुमारी उर्फ लक्ष्मीनिया पिछले चार दिनों से घर से लापता है। जिसके बाद परिजनों ने मखदुमपुर बाजार, टेहटा बाजार समेत लगभग आसपास के सभी इलाकों में उसकी तलाश कर ली। रिश्तेदारों व जान-पहचान के लोगों से भी इस संबंध में जानकारी ली। लेकिन कहीं से उसकी कोई भी जानकारी प्राप्त नहीं हुई। जिसके बाद परिजनों को अनहोनी का डर सता रहा है। जिसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी स्थानीय थाने की पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली।

### मां ने बेटे की लंबी उम्र के लिए रखा था जीवित्पुत्रिका व्रत ,पोखर में डुबने से मौत

**सिकंदरपुर / बलिया।** स्थानीय मुहल्ले में चार वर्षीय मासूम की पोखरे में डूबने से हुई मौत। दुघर्टना रविवार की दोपहर भिखपुरा मुहल्ले के सचिन जायसवाल (4) पिता रजत जायसवाल अपने दादा के दश्कर्म में शामिल होने परिजनों के साथ हिरन्दी स्थित पोखरे पर गया था। परिवारिक सूत्रों के मुताबिक मासूम बालक खेलते-खेलते अचानक पोखरे में चला गया। जब तक किसी की नजर पड़ती, रजत डूब चुका था। स्थानीय लोगों की मदद से पोखरे से निकाला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों की ओर से मृत घोषित कर दिया गया। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। मां बेसुध हो गई।

### पहले दिन 40 हथियारों के लाइसेंस का हुआ सत्यापन

**डुमरांव बक्सर)।** नगर परिषद चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर डुमरांव थाने में लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन किया गया। पहले दिन कुल चालीस हथियारों के लाइसेंस को मजिस्ट्रेट सह बीडीओ संतोष कुमार ने सत्यापित किया। मंगलवार बुधवार को भी हथियारों का सत्यापन होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि निर्धारित तिथि तक जो अपने लाइसेंस का सत्यापन नहीं करवाएंगे उनके हथियार को जप्त कर लाइसेंस रद्द करने के लिए डीएम को प्रतिवेदन भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व लाइसेंसों का सत्यापन जरूरी होता है। लाइसेंस सत्यापन के कारण स्थानीय थाने में पूरे दिन लाइसेंस धारियों की भीड़ लगी रही।

# अवैध खनन में जब्त नाव की चोरी का प्रयास, नौ आरोपित गिरफ्तार

**केटी न्यूज आरा।**

भोजपुर में बालू माफियाओं द्वारा पुलिस की ओर से जब्त तीन नाव की चोरी का प्रयास करने का बड़ा मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस की सक्रियता से माफियाओं की मंशा पूरी नहीं हो सकी। इस मामले में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। इनमें सारण के डोरीगंज थाना क्षेत्र के दफतरपुर गांव निवासी सुधीर कुमार सिंह, गढ़खा थाना क्षेत्र के जिगना गांव निवासी नीरज सिंह, सारण निवासी गंगा सहनी, वैशाली के जंदाहा थाना क्षेत्र के धुधुआं निवासी छोटू कुमार, मेघन सहनी, भिखारी सहनी, रंजीत सहनी, रघुवीर सहनी, भोला सहनी और छपरा के डोरीगंज थाना क्षेत्र के दरियावगंज गांव निवासी सुनील राय शामिल है। इनके पास से बालू लदी तीन नाव, एक स्कॉर्पियो और एक बुलेट बाइक बरामद की गयी है। एसपी संजय कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया 18 सितंबर को कोईलवर थाना क्षेत्र क्षेत्र में अवैध बालू खनन के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया था। उस दौरान अवैध बालू खनन में शामिल तीन नाव जब्त की गयी था। उसे लेकर कोईलवर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। 18 सितंबर की रात में ही अपराध कर्मियों द्वारा जब्त तीनों नाव की चोरी करने का प्रयास किया जा रहा था। तभी पुलिस को सूचना मिल गयी। उस आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना में शामिल नौ अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया रविवार को बड़हरा इलाके में अवैध बालू खनन को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान बालू लदे अवैध नाव को जब्त किया गया।



### नेर गांव में शराबी युवक ने किशोरी को मारपीट कर किया घायल

**मखदुमपुर।** थाना क्षेत्र के नेर गांव में एक शराबी युवक ने किशोरी को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल किशोरी नंदनी कुमारी बताई जाती है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि पूर्व से उनके परिवार वालों का पड़ोसी से जमीनी विवाद चल रहा था। जिसमें पड़ोस के युवक ने शराब के नशे में आकर उनलोगों के साथ मारपीट कर दिया। इस बावत घायल किशोरी की मां चंदा देवी ने बताया कि उसके पड़ोसी ने शराब के नशे में धुत होकर पहले उससे व उसके बच्ची के साथ मारपीट की। इस मामले में प्राथमिकी के लिए मखदुमपुर थाने में आवेदन दिया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिले में एक बूथ पांच यूथ का बहुत जल्द ही किया जाएगा विस्तार : वशिष्ठ पासवान

**केटी न्यूज अरवल।**

लोक सेवक राम विलास पासवान स्मृति मंच के मजबूती प्रदान करने के लिए मंच के जिला अध्यक्ष वशिष्ठ पासवान के द्वारा अरवल जिला के विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष का मनोनयन किया गया मंच के अध्यक्ष वशिष्ठ पासवान ने कहा कि लोक सेवक राम विलास पासवान स्मृति मंच के मजबूती के एक बुथ पॉच यूथ का विस्तार बहुत जल्द ही किया जाएगा प्रखंड अध्यक्षों का विवरण करपी प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार सुमन, अरवल ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा यादव उर्फ सरदार जी, अरवल सदर प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, सोनभद्र वंशी, सूर्यपुर प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार, कुर्था प्रखंड अध्यक्ष रमेश कुमार, कलेर प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शमीम मनोनीत किया गया इन लोगों के मनोनयन से लोजपा आरके अरवल में मजबूती प्रदान होगी आभार प्रकट करने वाले युवा प्रदेश महासचिव पप्पू राज जी युवा जिला अध्यक्ष अशोक पासवान मंच के जिला सचिव नवल पासवान सैकड़ों लोगों ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि इन लोगों से आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का अपार शक्ति मिलेगी।



## कथा के दौरान कहा - आने वाले समय में धर्म व कर्म तो होगा लेकिन शर्म नहीं रहेगी

# वाणी, आचरण व व्यवहार पर संयम तपस्या के समान : जीयर स्वामी

**केटी न्यूज/ बलिया**

भारतीय संस्कृति व धर्म यह शिक्षा देते हैं। तपस्या से ही जीवन संवरता है। और भागे से रोग अथवा विकार जन्म लेते हैं। आदि काल से संत, महात्मा तपस्या करते चले आए हैं। वे इतने महान हुए की उनके उपदेश आज भी हमें शिक्षा देते हैं। यह सबकुछ उनकी तपस्या व साधाना का फल है। यह व्यवस्था आज भी कायम है। वही मनुष्य सफल है जो तपस्या करता है। जो छात्र लगन से अध्ययन करता है और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहता है, वही आगे चलकर सफल होता है। यह तभी संभव है जब आप भोग से दूर रहेंगे। क्योंकि भोग से व्यक्ति का जीवन विकृत हो जाता है।

पूज्य जीयर स्वामी जी ने कथा के दौरान यह बातें कथा के दौरान कहीं। इन दिनों उनका चातुर्मास व्रत बलिया में चल रहा है। उन्होंने कहा कि भोग के छह उदाहरण की चर्चा मिलती है। किसी की याद में खोए रहना, हास-परिहास, दुर्भावना से किसी को देखना व वासना, विलासिता की कामना यह सबकुछ भोग की श्रेणी में आता है। अगर आपको तपस्या के मार्ग पर चलना है तो वाणी, आचरण, व्यवहार को संयमित रहना चाहिए। यह सबकुछ तपस्या के समान है। जो व्यक्ति में गुणों का सृजन करते हैं। शास्त्रों में ऐसी चर्चा है।

आने वाले समय में धर्म व कर्म तो होगा। पर शर्म नहीं रहेगी। आज वह आपके सामने है। यह उचित नहीं है। किसी पुरुष अथवा नारी द्वारा किसी अन्य से हास-परिहास को उचित नहीं माना गया है। यह सबकुछ मयार्दा के विपरीत है। अगर आप इनकी अनदेखी करेंगे तो उसका परिणाम भी आपके सामने आएगा। अगर आप भोग करेंगे तो आपको रोग का सामना करना पड़ेगा। इन सबसे बचने का सुगम मार्ग है। पूरे जगत में परमात्मा की सत्ता मानते हुए अपने कर्मों को परमात्मा को सौंप दें। आपके दुर्गुण स्वयं समाप्त होने लगेंगे। यह ध्यान रहे हमेशा हृदय में उनके स्वरूप की छवी बनाए रखें। अर्थात हर समय उनका ध्यान करें।



# पूजा समितियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य, नहीं तो होगी कार्यवाई

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव थानें में सोमवार को दुगार्पूजा के मद्देनजर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ संतोष कुमार ने किया। बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना लाइसेंस लिए किसी भी पूजा समितियों को पूजा की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसा करने वालों पर प्रशासन समिति के पदाधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कर उन्हें पूजा से वंचित करेगी। इसके अलावा पूजा समितियों को निर्देश दिया गया कि रात दस बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करना है। इसके अलावे पूजा समिति के सदस्य बिजली कंपनी से अनुमति ले अस्थायी रूप से बिजली का कनेक्शन ले सकते है। जबकि पूजा समितियों को सुरक्षा के मानकों का ख्याल भी रखना होगा। बैठक के दौरान यह भी बताया गया कि मूर्तियों का विसर्जन निर्धारित दिन ही करना होगा। प्रशासन द्वारा भी दुर्गा पूजा तथा चार दिवसीय दशहरा मेला को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कई स्तर पर तैयारियां की जा रही है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने कहा कि मेला के दौरान पूजा पंडालों तथा प्रमुख स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ ही सीसीटीवी कैमरे से भी शरारती तत्वों पर निगाहबानी की जाएगी।

CMYK